# कारी खदान के परिवहन एवं उत्खनन पर लगी रोक, फिर होगा सीमांकन

**वनमण्डलाधिकारी ने कार्पोरेशन को भेजा पत्र**

**24 नवंबर तक मांगा गया इसका प्रतिवेदन पत्र**

एशिया की नंबर-2 कारी खदान



आमिर खान, जिला ब्यूरो, टीकमगढ़

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। विश्व प्रसिद्ध कारी की पायरोफ्लाइट डायस्पोर खदान पर हाल में रोक लगा दी गई है। यह रोक वनमण्डलाधिकारी ने लगाई। उन्होंने इस संबंध में एक पत्र स्टेट माईनिंग कार्पोरेशन टीकमगढ़ को भी भेजा है। वन विभाग ने यह माना है कि खदान के उत्खनन क्षेत्र में सीमा चिह्नों पर से सीमा चिह्न गायब हैं। इसलिए हाल में यहां के उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने का निर्णय वन विभाग को लेना पड़ा।**

पत्र क्रमांक 5796 में वनमण्डलाधिकारी राजाराम परमार ने उल्लेखित किया है कि वन परिक्षेत्र टीकमगढ़ अंतर्गत ग्राम कारी के कक्ष क्रमांक 48 में रकवा 5.000 हेक्टेयर क्षेत्र पर खनिज पायरोफ्लाइट/डायस्पोर के उत्खनन हेतु खनिज निगम टीकमगढ़ को भारत सरकार एवं राज्य सरकार से वर्ष 1999 से 23 जुलाई 2049 तक के लिए खनिज पट्टा सशर्त स्वीकृत किया गया है। उक्त खनिज पट्टा क्षेत्र का निरीक्षण वन मण्डलाधिकारी द्वारा किया गया, जिसमें खदान क्षेत्र की सीमा पर सीमा चिह्न नहीं पाए गए। उक्त खदान में अवैध खनन के संबंध में शिकायत एवं विधानसभा प्रश्न भी प्राप्त हुए हैं। पत्र में उल्लेख किया गया है कि वन विभाग द्वारा स्वीकृत खदान क्षेत्र के नक्शा अनुसार वन विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति में संयुक्त सीमांकन करवाया जाकर पक्के सीमा चिह्न बनवाए जाएं।

खनन लीज रकवा 5.000 हेक्टेयर वन भूमि में पूर्व में बनाए एवं वर्तमान में उपलब्ध मुनारों को रिफरेंस प्वाइंट माना जावे। जब तक स्वीकृत खदान क्षेत्र की सीमा पर सीमा चिह्न नहीं बनाए जाते हैं तब तक के लिए उत्खनन एवं परिवहन कार्य पूर्ण रूप से बंद किया जाता है। दिए गए निर्देशों का पालन प्रतिवेदन 24 नवंबर तक वन विभाग कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया गया है। बिलंब की स्थिति में स्टेट कार्पोरेशन व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होगा।

अब वन विभाग का अमला स्वीकृति वाले जीपीएस रीडिंग पर सीमांकन करेगा, परन्तु माईनिंग कार्पोरेशन के टेंडर में इस खदान का क्रमांक अलग ही उल्लेखित है।

### स्वीकृत जीपीएस रीडिंग पर सीमांकन की तैयारी, पर टेंडर में कुछ अलग

वन विभाग ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि माईनिंग कार्पोरेशन एवं खनिज अधिकारी स्वीकृत नक्शा अनुसार मौके का खनिज निगम से संयुक्त सीमांकन करवाया जाकर सीमा पर पक्के सीमा चिह्न सहित जियो रिफरेंस मैप एवं सीमा पर निर्मित मुनारों की जीपीएस रीडिंग तथा सीमा पर निर्मित मुनारों की फोटोग्राफ्स प्रतिवेदन सहित वन मण्डलाधिकारी कार्यालय में सुनिश्चित करें। पर वन विभाग की स्वीकृतियों के कागजों में जीपीएस की रीडिंग अलग दर्ज और माईनिंग कार्पोरेशन के टेंडर कागज में जीपीएस रीडिंग का नंबर अलग है। इससे दोनों में ही भिन्नता दिखाई देती है। अब ऐसे में माईनिंग कार्पोरेशन किस जीपीएस रीडिंग का सीमांकन कराएगा, क्योंकि गूगल पर अगर इसकी हकीकत को देखेंगे तो दोनों ही जीपीएस रीडिंग की सीमाएं अलग-अलग दिखाई पड़ेंगी। यहां हम आपको एक मुनारों के अलग-अलग नंबरों से भी उल्लेखित कर देते हैं जिसमें खदान स्वीकृत कागजों में पिलर नंबर-4 पर 24°50'53.6" है जबकि टेंडर के दस्तावेज में यह जीपीएस रीडिंग 24°50'35.6" दर्ज दिखाई दे रही है। इससे यह स्पष्ट होता है कि माईनिंग कार्पोरेशन द्वारा टेंडर में अलग जीपीएस नंबर लिखा गया और वन विभाग ने दूसरों नंबरों की स्वीकृत दे दी। अब यह जांच का विषय है कि इसमें गड़बड़ी है या फिर कुछ और खेल खेला जा रहा है।

### स्वीकृत खदान पर कराएंगे सीमांकन

देखिए कल एक पत्र जारी किया है, जिसमें सीमांकन संबंधी बातें माईनिंग कार्पोरेशन को बताई गई हैं। क्षेत्र के नक्शा अनुसार वन विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति में संयुक्त सीमांकन किया जाएगा। यह सीमांकन स्वीकृत खदान पर ही कराएंगे। मुझे गूगल लोकेशन के संबंध में कुछ नहीं कहना। मैं तो स्वीकृत खदान पर ही आगे की कार्यवाही कराऊंगा। लोकेशन में क्या है क्या नहीं मुझे जानकारी नहीं।

**राजाराम परमार**
**वन मण्डलाधिकारी**
**क्षेत्रीय वन मंडल, टीकमगढ़**

## नामावली के विशेष गहन के संबंध में बैठक संपन्न



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक श्रोत्रिय द्वारा बुधवार को तहसील कार्यालय बल्देवगढ़ तथा खरगापुर के सभाकक्ष में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्य के संबंध में बैठक आयोजित की गई।**

बैठक में कलेक्टर श्रोत्रिय ने निर्देशित कि सात दिवस के अंदर एसआईआर के कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाये। उन्होंने कहा कि एसआईआर कार्य को पूर्ण करने का लिए सभी तहसीलों में हैल्पडेक्स स्थापित किया गया है। हैल्पडेक्स के माध्यम से प्रतिदिन तहसीलदार तकनीकी विशेषज्ञ के साथ बैठकर बीएलओ को तकनीकी रूप से आ रही समस्याओं का समाधान करेंगे। इस अवसर पर एसडीएम बल्देवगढ़ श्रीमती भारतीदेवी मिश्रा, तहसीलदार डॉ.एके गुप्ता सहित संबंधित अधिकारीगण बीएलओ तथा पटवारी उपस्थित रहे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक श्रोत्रिय द्वारा बुधवार को तहसील कार्यालय बल्देवगढ़ तथा खरगापुर के सभाकक्ष में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्य के संबंध में बैठक आयोजित की गई। एसआईआर के सर्वेक्षण कार्य को लेकर कलेक्टर रोजाना बीएलओ से अपडेट ले रहे है।

## अवैध रूप से संचालित आरा मशीन पर कार्रवाई



**नवभारत न्यूज जतारा। जतारा वन अमले को मिली शिकायत की कार्यवाही के लिए संपूर्ण वन अमला मय पुलिस बल के साथ भटगोरा गांव में किशोरी पिता रामचरण विश्वकर्मा निवासी भटगोरा के घर और बाड़े में पहुंचा जहां पर देखा कि एक आरा मशीन जो डीजल पंप से अवैध रूप से संचालित हो रही थी कि जप्ती के लिए सबसे पहले आरोपी किशोरी पिता रामचरण विश्वकर्मा निवासी भटगोरा को सर्च वारंट क्रमांक 01 तामील कराकर सर्चिंग की गई तो एक आरा मशीन जो डीजल पंप से संचालित हो रही थी ।**

जिसमें लकड़ी चीरने के लिए ठिया के साथ लोहे और उसके एंगल से बनी ट्राली कोयला खदानों की ट्रॉली की तरहद्ध को उखाड़कर जप्त करते हुए अंदर बाहर पड़ी हजारों रुपए की चिरान और लकड़ी जप्त करते हुए आरोपी किशोरी पिता रामचरण विश्वकर्मा निवासी भटगोरा के विरुद्ध काष्ठ चिरान अधिनियम 1984 की सुसंगत धाराओं के तहत नामजद वन अपराध प्रकरण क्रमांक 1149.08 पंजीबद्ध कर जप्त सामग्री को 8.10 ट्रैक्टरों से सुरक्षित वन परिक्षेत्र कार्यालय परिसर जतारा पहुंचाया गया। की कार्यवाही में जहां वन माफियायों में हड़कंप की स्थिति निर्मित हुई वही रेंजर की कार्यवाही जनचर्चा का विषय बन गई।

## किसान सम्मान निधि की राशि जारी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार के मुख्य आतिथ्य में कृषि विज्ञान केन्द्र टीकमगढ़ द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त के हस्तांतरण कार्यक्रम का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ।**

इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तमिलनाडू में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त के तहत किसानों के बैंक खातों में वर्चुअली रूप से अंतरित की गई। इस दौरान टीकमगढ़ जिले के पीएम किसान सम्मान निधि योजना के पात्र 168789 किसानों को 33.75 करोड़ रूपये की राशि अंतरित हुई। प्रधानमंत्री ने अपने उद्बोधन में प्राकृतिक खेती को ज्यादा से ज्यादा किसान द्वारा अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष छत्रपाल सिंह, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर, कृषि विज्ञान केंद्र प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बीएस किरार सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार के मुख्य आतिथ्य में कृषि विज्ञान केन्द्र टीकमगढ़ द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त के हस्तांतरण कार्यक्रम का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## सर्प मित्र ने अजगर सांप का किया सफल रेस्क्यू



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मुख्यालय के बुड़ेरा मार्ग पर स्थित मतौली गांव में गुरुवार को एक किसान के खेत में अजगर निकलने की घटना सामने आई है। किसान की सूचना पर सर्प मित्र अमर सिंह राजपूत ने ग्रामीणों की मदद से अजगर का सफल रेस्क्यू किया।**

मतौली निवासी किसान अरविंद लोधी ने दोपहर में अपने खेत के पास झाड़ियों में करीब सात-आठ फ ीट लंबा अजगर देखा। मौके पर पहुंचे अमर सिंह राजपूत ने बताया कि अजगर का वजन लगभग 20 किलोग्राम था।अजगर को पकड़ने के दौरान उसने सर्प मित्र के हाथ में जकड़न पैदा कर दी जिससे उसे तुरंत छोड़ना पड़ा। बाद में ग्रामीणों की सहायता से अजगर को सावधानीपूर्वक एक बोरी में भरा गया। सर्प मित्र अमर सिंह राजपूत ने बताया कि यह पिछले तीन महीनों में अलग-अलग स्थानों से रेस्क्यू किया गया चौथा अजगर है। उन्होंने 2019 में सांपों को बचाने की मुहिम शुरू की थी और पिछले पांच सालों में 1500 से अधिक विभिन्न प्रजातियों के सांपों का रेस्क्यू कर चुके हैं। वे सांपों को पकड़ने और उनसे बचाव के तरीकों का अध्ययन भी करते रहते हैं।

## एचपीवी के बचाव की दी जानकारी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ केएम वरूण ने प्रशिक्षण में उपस्थित प्रतिभागियों को जानकारी देते हुए बताया कि एचपीवी वैक्सीन एक महत्वपूर्ण टीका है। यह टीका हूमन पेपीलोमा वायरस एचपीवी से बचाव करता है।**

एचपीवी वायरस गर्भाशय ग्रीवा गले एवं मुख के विभिन्न प्रकार के कैंसर होने के लिए जिम्मेदार होता है। इस टीका के लगने से इस प्रकार के होने बाले कैंसर से बचाव करने में मददगार साबित होगा। यह टीका 14 बर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी किशोरियों को 15 बर्ष तीन माह तक की आयु में यह वैक्सीन टीका, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के फ ोकल प्वाइंट पर लगाया जायेगा।

## रोजाना तापमान में हो रही वृद्धि से तेज ठंड का एहसास

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। पिछले 24 घंटे के दौरान रात के तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई है। बुधवार को अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।**



मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इससे पहले मंगलवार को अधिकतम तापमान 26.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस था। पिछले पांच दिनों से दिन का तापमान लगातार 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में दिन का अधिकतम तापमान घटकर 25 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। वहीं रात का न्यूनतम तापमान फिलहाल 10 से 11 डिग्री सेल्सियस के आसपास ही रहने का अनुमान है। विभाग ने दिन के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की कमी आने की संभावना जताई है।भू - अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री सेल्सियस था। सोमवार को अधिकतम तापमान 27.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन में धूप निकलने से सुबह से शाम तक लोगों को ठंड से राहत मिल रही है। हालांकि शाम 5 बजे के बाद न्यूनतम तापमान तेजी से गिरता है। वर्तमान में मौसम साफ रहने और दिन में धूप निकलने से लोगों को ठंड से काफी हद तक राहत है। यह मौसम फ सलों के लिए भी फायदेमंद बताया जा रहा है। ठंड बढ़ने के साथ ही गर्म कपड़ों की मांग में भी वृद्धि हुई है। हालांकि जिला प्रशासन की ओर से सुबह लगने वाले स्कूलों के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## महिला ने पति सहित ससुराल वालों पर लगाया आरोप

**कोतवाली पहुंचकर पीड़िता ने सुनाई आपबीती**

**दहेज के लिए प्रताड़ित करने की दर्ज कराई शिकायत**



**नवभारत,न्यूज टीकमगढ़। शहर की कोतवाली में एक महिला ने अपने पति और ससुराल वालों पर मारपीट कर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। महिला ने अपनी मां के साथ कोतवाली पहुंचकर उक्त घटनाक्रम की शिकायत दर्ज कराई है।**

शहर के ख्वाजा नगर निवासी रोशनी खां ने बताया कि उनकी शादी 10 दिसंबर 2024 को टीकमगढ़ निवासी शहनवाज के साथ हुई थी। शादी के महज चार महीने बाद ही पति और ससुराल वाले दहेज की मांग करने लगे। रोशनी के अनुसार दहेज की मांग को लेकर पति के अलावा सास-ससुर और जेठ ने कई बार उनके साथ मारपीट की। इस प्रताड़ना से तंग आकर 1 नवंबर को रोशनी ने नींद की गोलियां खा ली थीं जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। रोशनी ने बताया कि जब वह अस्पताल में भर्ती थीं तो ससुराल वालों को पुलिस केस की आशंका हुई तो उन्होंने रोशनी के माता-पिता को फोन किया जो उन्हें इलाज के लिए ग्वालियर ले गए। ग्वालियर में एक सप्ताह तक भर्ती रहने के बावजूद पति या ससुराल वालों में से कोई भी उनसे मिलने नहीं आया। आज जब रोशनी अपनी मां के साथ ससुराल पहुंचीं तो घर पर ताला लगा मिला पड़ोसियों से पूछने पर भी किसी ने कोई जानकारी नहीं दी। इसके बाद शाम करीब 5 बजे रोशनी अपनी मां को लेकर पति और ससुराल वालों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने कोतवाली पहुंचीं। रोशनी की मां यास्मीन खान ने बताया कि उन्होंने अपनी हैसियत के अनुसार बेटी के विवाह में दहेज दिया था लेकिन चार महीने बाद ही ससुराल वाले उसे प्रताडि़त करने लगे। यास्मीन के अनुसार दामाद शहनवाज की मां ने कहा कि वे उनकी बेटी को छोड़कर बेटे की दूसरी शादी कराना चाहते हैं।

कोतवाली थाना प्रभारी बृजेंद्र चाचौंदिया ने बताया कि महिला की शिकायत पर ससुराल वालों का पता लगाया जा रहा है।शहर की कोतवाली में एक महिला ने अपने पति और ससुराल वालों पर मारपीट कर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। महिला ने अपनी मां के साथ कोतवाली पहुंचकर उक्त घटनाक्रम की शिकायत कर न्याय की मांग की है।

**परेशानी** ▶ पलेरा नगर के वार्ड 10 के लोग हो रहे परेशान

# चेंबर के खुले गड्ढे दे रहे गंभीर हादसों को न्योता, लोगों की शिकायत

**नवभारत न्यूज पलेरा। नगर परिषद की लचर कार्यप्रणाली से इन दिनों नागरिक परेशानी का सामना कर रहे है। कई वार नागरिकों द्वारा शिकायत करने के बावजूद भी समस्याओं का निराकरण ना होने से लोगों में अब आक्रोश व्याप्त है।जिसके चलते एक नया मामला सामने आया है जिसमें नगर में सीसी सड़कों पर जगह-जगह चैंबर और गड्ढों को बिना ढंके खुला छोड़ दिया गया है। ऐसे में बिना चेंबर के खुले पड़े गड्ढे हादसों को आमंत्रित कर रहे हैं। इससे न केवल सीसी सड़कों की सुंदरता खराब हो रही है बल्कि यह चेंबर कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं।**



उक्त समस्या का समाधान कराने स्थानीय लोग कई दिनों से नगर परिषद कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन सुनवाई नहीं होने से समस्या का हल नहीं हो रहा है। वार्ड क्रमांक 10 में निवासरत वार्ड वासियों ने बताया कि सीसी सड़क के बीच में बने चैंबर हमेशा ढंके रहने चाहिए। चैंबर कवर भी इस तरह डिजाइन किया हुआ होना चाहिए कि कवर लगने के बाद चैंबर और सड़क की ऊंचाई बराबर हो। ताकि ऊपर से गुजरने पर वाहन अनबैलेंस न हों। इसी क्रम में मजबूती भी इतनी रहनी चाहिए कि बड़ा वाहन गुजरने पर भी वह टूटे नहीं। लेकिन नगर परिषद की लापरवाही के चलते अधिकांश वार्डों में वाटर सप्लाई के बाल खोलने के लिए बनाये गए चैंबर खुले हैं।

इसके अलावा कई जगहों पर चैंबर के कवर ही टूट गए हैं। जिन्हें दोबारा कभी बनाया ही नहीं गया है। रात के समय कई बार बाइक व कार इन खुले चैंबर्स में गिरकर फं स रही है। ऐसे में वार्ड क्रमांक 10 रेंज मोहल्ला वासियों ने तत्काल इस पूरे मामले पर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

नगर में सीसी सड़कों पर जगह-जगह चैंबर और गड्ढों को बिना ढंके खुला छोड़ दिया गया है। ऐसे में बिना चेंबर के खुले पड़े गड्ढे हादसों को आमंत्रित कर रहे हैं। इससे न केवल सीसी सड़कों की सुंदरता खराब हो रही है बल्कि यह चेंबर कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। लोगों ने नगर परिषद से इस समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की है।

### लोग हो रहे दुघर्टनाओं का शिकार

नगर परिषद पलेरा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 10 में निवासरत वार्ड वासियों ने बताया कि सीसी सड़क के बीच में बने चैंबर हमेशा ढंके रहने चाहिए। चैंबर कवर भी इस तरह डिजाइन किया हुआ होना चाहिए कि कवर लगने के बाद चैंबर और सड़क की ऊंचाई बराबर हो। ताकि ऊपर से गुजरने पर वाहन अनबैलेंस न हों। लोगों ने बताया कि इस समस्या के कारण आए दिन लोग दुघर्टनाओं का शिकार हो रहे है।

## रोजगार मेला की अधिकारी कर रहे तैयारी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र, रोजगार विभाग तथा शासकीय आईटीआई टीकमगढ़ के सहयोग से शासकीय आईटीआई टीकमगढ़ में 27 नवम्बर को प्रात: 11 बजे से शायं 4 बजे तक रोजगार मेला, युवा संगम का आयोजन किया जा रहा है।**

रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर रोजगार प्रदान किये जाने हेतु साक्षात्कार लिये जायेगें। उक्त रोजगार मेले में टीकमगढ़ जिले के 10वीं, 12वीं, आईटीआई, स्नातक, डिप्लोमा उत्तीर्ण समस्त बेरोजगार युवा अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्र,समग्र आईडी,आधार कार्ड सहित उपस्थित होकर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

## जिला प्रबंधक ने विभागवार की चर्चा




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। अग्रणी जिला प्रबंधक के एन आर्य की अध्यक्षता में गुरूवार को जनपद पंचायत सभागार पलेरा में बीएलबीसी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारी तथा क्षेत्र की बैंक शाखाओं के प्रबंधक उपस्थित रहे।**

बैठक में जिले के सीडी रेश्यो की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई तथा बैंकिंग सेवाओं की प्रगति पर विभागवार चर्चा की गई। इस दौरान पीएम स्वनिधि, पीएमएफएमई, पशु क्रेडिट कार्ड, कृषि क्रेडिट कार्ड, तथा मत्स्य केसीसी आदि योजनाओं के लंबित एवं प्रगति पर चल रहे प्रकरणों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। अधिकारियों एवं शाखा प्रबंधकों ने इन योजनाओं में आ रही चुनौतियों और उनके समाधान पर सुझाव साझा किए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में स्वीकृति एवं निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही डीफ एकाउन्ट की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया गया।